
BAOU
Education for All

Dr. Babasaheb Ambedkar
Open University
(Established by Government of Gujarat)

NAAC ACCREDITED A++ GRADE

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा पश्चिम क्षेत्र का भव्य छात्र शपथ कार्यक्रम आयोजित

अहमदाबाद। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) द्वारा 'युवा शक्ति, भारत की शक्ति- एक युवा, एक राष्ट्र, एक संकल्प' शीर्षक के साथ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी में अहमदाबाद की महापौर प्रतिभाबहन जैन की अध्यक्षता में भव्य छात्र शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी सहित देशभर के उत्तर, दक्षिण, मध्य और पूर्व क्षेत्र की पांच विश्वविद्यालयों में यह राष्ट्रव्यापी शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। महापौर प्रतिभाजैन ने अपने प्रासंगिक उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गांधीनगर लोकसभा के सांसद तथा केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए जघन्य और अमानवीय आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के सूर्य के दर्शन कराए। पूरे भारत के पांच



क्षेत्रों में से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी को इस शपथ कार्यक्रम के लिए चुना जाना बहुत ही आनंद और गर्व की बात है। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर अमीबहन उपाध्याय ने कहा कि भारत आत्मनिर्भर है और धर्म के नाम पर आतंक को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर भारत के दुश्मनों को देश द्वारा दिया गया जवाब है। इस कार्यक्रम में गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों से आए छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ 'मेरा भारत, मेरा संकल्प' की शपथ ली।

Guj Vaibhav

गुजरात वैभव

તારીખ : 29/05/2025

Scanned with OKEN Scanner